शहरी अजीविका मिशन की समीक्षा बैठक राज्य स्तरीय दल द्वारा

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में शहरी अजीविका मिशन की समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें रायपुर से राज्य स्तरीय शहरी आजीविका मिशन टीम निगम सभागार में पहुंचकर शासन से जारी गाईडलाईन से संबंधित दिशा-निर्देश दिये। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज शासन की विभिन्न योजना से संबंधित विषयो पर चर्चा की गई, जिसमें राज्य स्तीरय शहरी अजीविका मिशन रायपुर की टीम प्रमुख रूप में स्टेट मैनेजर प्रशांत ताम्बोली, उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील अग्रहरी ने शासन की योजनाओ के बारे में जानकारी दी पूर्व में चल रहे प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रोग्रेस के बारे में पूछ नये दिशा निर्देश दिये। की किस प्रकार से शहरी लाभार्थियो को इस योजना से जोड़के उनको विकासमुखी बना सकते है। स्व-निधि योजना जिसके अंतर्गत ऐसे छोटे व्यापारी जिनको अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता होती है उन्हे शासन की गारंटी पर आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक को आधार मानकर व्यापार करने के लिए प्रारंभिक अवस्था में 10000 का लोन प्रदान किया जाता है। जो बाद में बढ़ते क्रम में बढ़ते जाता है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का उददेश्य कारिगरो एवं शिल्पकारो की पहचान कर विश्वकर्मा के रूप में उन्हे सभी लाभ प्राप्त करने के योग्य बनाना, उनके कौशल का विकास करना, उनकी योग्यता क्षमता बढ़हाने के लिए आधुनिक रोजगार बढ़ाना, उन्हे ऋण प्रदान करना तथा उन्नति के लिए विभिन्न बाजारो से जोड़ना है। प्रमुख रूप से प्रारंपरिक व्यवसाय करने वाले बढ़हई, नाव बनाने वाले, अस्तरा कार, लोहार, लोहे का औजार निर्माता, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, राजमिस्त्री, पैरदान बनाने वाले, नाई, घोबी, दर्जी, जाल निर्माता इत्यादि शामिल है। इनके गुणवत्ता में और सुधार करके इन्हे विकासमुखी बढ़हाना उददेश्य है। भिलाई नगर निगम के साथ दुर्ग, कुम्हारी, रिसाली आदि निगमो से भी मिशन मैनेजर, सी.ई.ओ., नगर निगम भिलाई के नोडल अधिकारी सुश्री दिप्ती साहू, प्रभारी अधिकारी रीता चतुर्वेदी, संजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।